# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–24 मई 2025** **सान्ध्य समाचार**

वैश्विक मानकों के अनुरूप प्रत्येक राज्य कम से कम एक पर्यटन स्थल विकसित करें और एक राज्य एक वैश्विक गंतव्य के अंतर्गत सभी सुविधाएं और बुनियादी ढांचा प्रदान करें। यह बातें आज नई दिल्ली में नीति आयोग की दसवीं शासी परिषद की बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहीं। बैठक में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री, उप राज्यपाल और केंद्रीय मंत्री हिस्सा लेने पहुंचे। एक रिपोर्ट–

**नीति आयोग के शासी परिषद के लिए इस वर्ष का विषय 2047 तक विकसित भारत के लिए विकसित राज्य निर्धारित किया गया था। विषय को ध्यान में रखते हुए गवर्निंग काउंसिल ने 2047 के लिए विकसित भारत के लिए विकसित राज्य के दृष्टिकोण पर चर्चा की। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि यदि केंद्र और सभी राज्य एक साथ आएं और टीम इंडिया की तरह मिलकर काम करें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रत्येक राज्य में कम से कम एक पर्यटन स्थल विकसित करने के फैसले से पड़ोसी शहरों का भी पर्यटन स्थल के रूप में विकास होगा। बैठक के बाद एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश टीम इंडिया के महत्वपूर्ण सदस्य के रूप में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। समाचार कक्ष से मैं अरूण।**

**********

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज वाराणसी दौरे पर पहुंचे। वहां पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर को देश का गौरव बताया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर पूरा देश गौरवान्वित है। हमारे देश की सेनाओं ने देश के मस्तक को गर्व से ऊंचा कर दिया है। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर बीते दिनों अनर्गल बयान देने का भी आरोप लगाया।

**********

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और देश के वीर जवानों के सम्मान में चलाये जा रहे भारत शौर्य तिरंगा यात्रा के आयोजन का क्रम प्रदेश भर में जारी है। आज प्रदेश की राजधानी लखनऊ, अमरोहा और कुशीनगर जिले सहित कई अन्य जिलों में पार्टी पदाधिकारियों और स्थानीय विधायक के नेतृत्व में भारत माता के जयकारे के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई।

**********

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से उत्साहित समग्र राष्ट्र भारतीय जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। इसी क्रम में आकाशवाणी समाचार भी एक विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। इस श्रंखला के तहत आज हम परमवीर चक्र से सम्मानित लांस नायक अल्बर्ट इक्का को स्मरण कर रहे हैं। एक रिपोर्ट–

**1942 में रांची में जन्मे लॉस्क नायक एल्बर्ट एक्का का दिसम्बर 1962 में 14 गार्डस में भर्ती हुए थे। 1971 में भारत पाकिस्तानी युद्ध के दौरान 14 गार्डस को पूर्वी क्षेत्र में अगरतला से साढे छह किलोमीटर पश्चिम में गंगा सागर में एक पाकिस्तानी ठिकाने पर कब्जा करने का काम सौंपा गया था। 14 गार्डस ने दुश्मन के ठिकानों पर हमला किया और हमलावर भारतीय सैनिकों पर दुश्मनों की ओर से छोटे हथियारों से भारी गोलीबारी की गई। लांस नायक इक्का ने अपनी जान की परवाह किए बिना बंकर पर हमला किया और दुश्मन के दो जवानों को मार गिराया। जब वह अपने साथियों के साथ लक्ष्य के उत्तरी छोर पर पहुंचे तो एक इमारत से दुश्मन ने मशीनगन से गोलीबारी की जिससे भारी नुकसान हुआ। एक बार फिर लॉस नायक एल्बर्ट एक्का आगे बढते हुए इमारत में रैंगते हुए गए और बंकर पर एक ग्रेनेट फैंका जिससे एक दुश्मन सैनिक मारा गया और दूसरा घायल हो गया। युद्ध के दौरान लगी चोटों के कारण लॉन्स लायक एल्बर्ट एका शहीद हो गए। उन्हें मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। राष्ट्र उन्हें नमन करता है। अनुपम मिश्र आकाशवाणी समाचार दिल्ली।**

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ बाईसवीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर भी यह कार्यक्रम सीधे प्रसारित होगा।

**********

वन एवं वन्य जीव विभाग प्रदेश के प्राकृतिक सौंदर्य और जैव विविधता को संरक्षित करते हुए बफर में सफर योजना शुरू करने जा रहा है। इसके तहत दुधवा, पीलीभीत टाइगर रिजर्व और उत्तर खीरी बफर जोन में नए सफारी रूट विकसित किए जा रहे हैं। साथ ही सोहगीबरवा, उत्तर खीरी और पीलीभीत में बफर जोन क्षेत्रों के नए मार्गों का भी चयन किया गया है। योजना के तहत इन बफर जोन में पर्यटक बरसात के दिनों में सफारी का आनंद लेने के अलावा कई अन्य सुविधाएं प्राप्त कर सकेंगे।

**********

प्रदेश के गोरखपुर सहित कई जिलों में आज दिन में तेज धूप निकलने के साथ साथ कहीं कहीं छिटपुट वर्षा हुई। साथ ही कुछ स्थानों पर थोड़ी देर के लिए बादल भी छाए रहे। मौसम विभाग ने तीस मई तक वर्षा और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई है। साथ ही अट्ठाइस मई तक प्रदेश में कहीं कहीं बिजली गिरने और तेज झोंकेदार हवा चलने की भी आशंका व्यक्त की गयी है।

**********